# SBI भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई

फोन: 022-22820427; फैक्स: 022-22820411; ईमेल: crpd@sbi.co.in


## भारतीय स्टेट बैंक में विशेषज्ञ संवर्ग में अधिकारियों की वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय इकाई के लिए संविदा आधार पर भर्ती

विज्ञापन संख्या: CRPD/ SCO-WEALTH / 2019-20 / 06

### आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 23.05.2019 से 12.06.2019 तक

भारतीय स्टेट बैंक निम्नलिखित विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट पर दिए गए **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

1. पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन तरीके से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि को या उससे पहले जमा करवा दिया गया है.
2. आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को उक्त पद के लिए दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं.
3. **अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते है.**
4. **अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे अपेक्षित सभी प्रलेख अपलोड करें (संक्षिप्त जीवन वृत्त, आईडी प्रमाण, आयु प्रमाण, शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि) ऐसा नहीं करने पर उन्हें योग्य अभ्यर्थियों की सूची में शामिल करने/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा.**
5. योग्य की सूची बनाना और साक्षात्कार प्रलेखों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगा. साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) अभ्यर्थी द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/प्रलेखों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी अभ्यर्थिता मानी जाएगी.
6. यदि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है (आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि) तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी.
7. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें (इसमें छांट कर बुलाए जाने/योग्य अभ्यर्थियों की सूची शामिल है). आवश्यक होने पर कॉल लेटर/सूचना मात्र ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी (कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).
8. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई) बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किया जाएगा.**
9. यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक आते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे अभ्यर्थियों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा.
10. इस कार्यालय को कागजी आवेदन और अन्य प्रलेखों की प्रतियां न भेजें.

**क. पद रिक्तियों/आयु/चयन प्रक्रिया/संविदा अवधि/स्थानांतरण नीति/पदस्थापन का संभावित स्थान का ब्यौरा :**

| पद क्रमांक | पद | कुल रिक्त-पद | रिक्ति श्रेणी वार | | | | | | | | | आयु 01.04.2019 को | | चयन प्रक्रिया | पदस्थापन का संभावित स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | ईडब्ल्यूएस | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल | एलडी/ओए/ओएल | एचआई | वीआई | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 1 | प्रमुख (उत्पाद, निवेश एवं अनुसंधान) | 1 | 1 | -- | -- | -- | -- | 1 | -- | -- | -- | 35 | 50 | लघुसूचीकरण, व्यक्तिगत/टेलीफोन/विडियो साक्षात्कार के एक या उससे अधिक चक्र एवं सीटीसी मोलभाव | मुंबई |
| 2 | केन्द्रीय अनुसंधान दल (निश्चित आय अनुसंधान विश्लेषण) | 1 | 1 | -- | -- | -- | -- | 1 | -- | -- | -- | 30 | 45 | | मुंबई |
| 3 | रिलेशनशिप मैनेजर (आरएम) | 486 | 187 | 46 | 127 | 85 | 41 | 486 | 5 | -- | -- | 23 | 35 | | अखिल भारत* |
| 4 | रिलेशनशिप मैनेजर (ई-वेल्थ) | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | रिलेशनशिप मैनेजर (एनआरआई) | | | | | | | | | | | | | | कोची |
| 6 | रिलेशनशिप मैनेजर (टीम लीड) | 20 | 9 | 1 | 4 | 4 | 2 | 20 | 1 | -- | -- | 28 | 40 | | अखिल भारत* |
| 7 | ग्राहक संबंध अधिकारी (सीआरई) | 66 | 27 | 6 | 16 | 10 | 7 | 66 | 1 | -- | -- | 20 | 35 | | |
| 8 | आंचलिक प्रमुख बिक्री (खुदरा) (ईस्टर्न झोन) | 1 | 1 | -- | -- | -- | -- | 1 | -- | -- | -- | 35 | 50 | | कोलकाता |
| 9 | केंद्रीय परिचालन दल (सीओटी) सहायता | 3 | 3 | -- | -- | -- | -- | 3 | -- | -- | -- | 30 | 40 | | मुंबई |
| 10 | जोखिम व अनुपालन अधिकारी | 1 | 1 | -- | -- | -- | -- | 1 | -- | -- | -- | 25 | 40 | | मुंबई |
| | कुल | 579 | 230 | 53 | 147 | 99 | 50 | 579 | 7 | -- | -- | | | | |

**एसबीआई वेल्थ सेन्टर** (वर्तमान एवं प्रस्तावित): अहमदाबाद, अमृतसर, औरंगाबाद, बरेली, बैंगलुरू, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, कोयंबटूर, देहरादून, दिल्ली, गोरखपुर, गुन्टूर, गुवाहाटी, ग्वालियर, हुबली, हैदराबाद, इंदौर, जबलपुर, जयपुर, जालंधर, जम्मू, जमशेदपुर, जोधपुर, कन्नुर, कानपुर, कोची, कोलकाता, कोल्लम, कोट्टायम, कोझिकोडे, लखनऊ, लुधियाना, मडगाँव, मदुराई, मैंगलुरू, मणिपाल, मेरठ, मुंबई, मैसूर, नागपुर, नासिक, पलक्कड़, पणजी, पटियाला, पटना, पांडिचेरी, प्रयागराज, पूना, रायपुर, राजकोट, रांची, राउरकेला, शिलांग, सिलिगुड़ी, सूरत, तिरुचिरापल्ली, तिरुवल्ला, तिरुवनंतपुरम्, त्रिशूर, उदयपुर, वडोदरा, वाराणसी, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम, वारंगल.

| | | |
|---|---|---|
| **संक्षेपाक्षर:** | **श्रेणी:** | Gen: सामान्य; EWS: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; OBC: अन्य पिछड़ा वर्ग; SC: अनुसूचित जाति; ST: अनुसूचित जनजाति; LD: लोकोमोटिव अशक्तता; HI: श्रवण दोषी; VI: मंद दृष्टि |
| **संविदा अवधि** | **5 वर्ष (एक वर्ष की प्रोबेशन अवधि सहित) सभी पदों के लिए** | |
| **स्थानांतरण अवधि** | **बैंक ऐसे ओईसी (संविदा पर संबद्ध अधिकारियों) की सेवाओं का स्थानांतरण भारत में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में करने या उन्हें अपने किन्हीं सहबद्धों/अनुषंगियों के पास या किसी अन्य संस्था के पास तैनात करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जो सेवा की अनिवार्यताओं पर निर्भर होगा. किसी विशिष्ट स्थान/कार्यालय पर नियुक्ति/स्थानांतरण के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.** | |

**ख. शैक्षणिक योग्यताओं/अन्य योग्यताओं/अनुभव के विवरण:**

| पद क्रमांक | पद | शैक्षणिक योग्यता (1.04.2019 को) | योग्यता के पश्चात् कार्य अनुभव (1.04.2019 को) |
|---|---|---|---|
| 1. | **प्रमुख (उत्पाद, निवेश एवं अनुसंधान)** | शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान या प्रतिष्ठित महाविद्यालय से स्नातक/स्नातकोत्तर.<br>__अन्य वरीय योग्यताएँ:__ बाजार विश्लेषण का ज्ञान एवं अनुभव तथा आर्थिक क्षेत्र एवं उत्पादों में अनुसंधान का जुनून. | ***आवश्यक अनुभव:*** वित्तीय सेवाओं, वित्तीय उत्पाद विकास, निवेश परामर्श एवं निजी बैंकिंग में न्यूनतम 12 वर्ष का संबंधित अनुभव.<br>वेल्थ मैनेजमेंट में न्यूनतम 8 वर्ष का अनुभव (कुल 12 वर्ष के अनुभव में यह 8 वर्ष का अनुभव शामिल है)<br>इक्विटी उत्पादों, पीएमएस, अल्टरनेट इंवेस्टमेंट, म्युचुअल फंड्स में उत्कृष्ट अनुभव.<br>उत्पाद विकास एवं निजी वेल्थ ग्राहकों के लिए संरचनात्मकता में अनुभव.<br>अग्रणी बैंकों/वित्तीय संस्थानों में राष्ट्रीय स्तर पर निवेश परामर्श/सलाहकारिता के प्रबंधन में अनुभव. |
| 2. | **केन्द्रीय अनुसंधान दल (निश्चित आय अनुसंधान विश्लेषण)** | मान्यता प्राप्त महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से एमबीए/पीजीडीएम<br>__अन्य वरीय योग्यताएँ:__<br>सीएफए/सीएफपी/सीडब्ल्यूएम/अर्थशास्त्र में स्नातक या स्नातकोत्तर. | वेल्थ मैनेजमेंट/एएमसी (म्युचुअल फंड्स)/बैंकों में निश्चित आय अनुसंधान में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव.<br>**वरीय अनुभव:** ए) निश्चित आय अनुसंधान/अनुसंधान विश्लेषण में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव. बी) स्थानीय और वैश्विक आर्थिक रुझानों के संबंध में उत्कृष्ट जानकारी. सी) प्राथमिक/द्वितीयक बाजार, निश्चित आय बाजार के संबंध में जानकारी. डी) ऋण बाजारों के संबंध में विचार बनाने में अनुभव. ई) एक्सेल/मॉडलिंग तकनीक/ब्लूमबर्ग/रॉयटर्स/मॉर्निंग स्टार/क्रिसिल डेटा बेस का उपयोग करने में प्रवीणता. |

| पद क्रमांक | पद | शैक्षणिक योग्यता (1.04.2019 को) | कार्य अनुभव (1.04.2019 को) |
|---|---|---|---|
| 3. | रिलेशनशिप मैनेजर (आरएम) | सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक. | अग्रणी सार्वजनिक/निजी/विदेशी बैंकों/ब्रोकिंग/प्रतिभूति फर्मों में वेल्थ मैनेजमेंट में रिलेशनशिप मैनेजर के रूप में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव. उम्मीदवार के पास उच्च नेट वर्थ वाले ग्राहकों (रु. 20.00 लाख का न्यूनतम कुल संबंध मूल्य (टीआरवी) रखने वाले) से संबंध बनाने और प्रबंधित करने का पर्याप्त अनुभव होना चाहिए. |
| 4. | रिलेशनशिप मैनेजर (ई–वेल्थ) | | अग्रणी सार्वजनिक/निजी/विदेशी बैंकों/ब्रोकिंग/प्रतिभूति फर्मों में वेल्थ मैनेजमेंट में रिलेशनशिप मैनेजर के रूप में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव, जिसमें से टेलीफोन/वीडियो/डिजिटल चैनलों पर उच्च नेटवर्थ वाले ग्राहकों के साथ संबंधों के प्रबंधन में कम से कम एक वर्ष का अनुभव या डिजिटल माध्यम (टेलीफोन/वीडियो या वेब) से उच्च मूल्य वाले वित्तीय उत्पादों की बिक्री/सेवा में 3 वर्ष का अनुभव. |
| 5. | रिलेशनशिप मैनेजर (एनआरआई) | | अग्रणी सार्वजनिक/निजी/विदेशी बैंकों/ब्रोकिंग/प्रतिभूति फर्मों में वेल्थ मैनेजमेंट में रिलेशनशिप मैनेजर के रूप में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव. उम्मीदवार के पास उच्च नेट वर्थ वाले एनआरआई ग्राहकों से संबंध बनाने और प्रबंधित करने का पर्याप्त अनुभव होना चाहिए. |
| 6. | रिलेशनशिप मैनेजर – टीम लीड | | वेल्थ मैनेजमेंट में रिलशनशिप मैनेजमेंट में न्यूनतम 8 वर्ष का अनुभव. टीम लीड के रूप में अनुभव को वरीयता दी जाएगी. |
| 7. | ग्राहक संबंध अधिकारी (सीआरई) | | वित्तीय उत्पादों की प्रलेखन आवश्यकताओं में अनुभव और अच्छा संचार कौशल वांछनीय होगा.<br>**<u>आवश्यक विशिष्ट कौशल:</u>** दोपहिया वाहन के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए. |
| 8. | आंचलिक प्रमुख बिक्री (खुदरा) (ईस्टर्न झोन) | | वित्तीय सेवा उद्योग में वेल्थ मैनेजमेंट/खुदरा बैंकिंग/निवेश में बिक्री का प्रबंधन करने में न्यूनतम 15 वर्षों का अनुभव. इसमें से रिलेशनशिप मैनेजरों की बड़ी टीम का नेतृत्व करने और वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय में टीम लीड में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव. |
| 9. | केंद्रीय परिचालन दल (सीओटी) सहायता | | वित्तीय सेवाओं, निवेश परामर्श/सलाहकारिता, निजी बैंकिंग या वेल्थ मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्रदाताओं में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव, जिसमें से वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय में केंद्रीय परिचालन में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव.<br>**<u>आवश्यक विशिष्ट कौशल:</u>** इक्विटी उत्पादों, संरचित उत्पादों, पीएमएस और म्युचुअल फंड की उत्कृष्ट जानकारी. |
| 10. | जोखिम व अनुपालन अधिकारी | सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक.<br>जोखिम/अनुपालन में व्यवसायिक योग्यता को वरीयता दी जाएगी. | वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव, जिसमें से वेल्थ मैनेजमेंट में जोखिम व अनुपालन में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव. |

**नोट:**

i. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त–पदों सहित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.

ii. विभिन्न पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है. अभ्यर्थी को निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार योग्यता और प्रासंगिक पूर्णकालिक अनुभव होना चाहिए.

iii. आरक्षित श्रेणी वाले अभ्यर्थी, जिनके लिए आरक्षण का कोई उल्लेख नहीं किया गया है, अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र है यदि वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं.

iv. ओबीसी श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थी जो 'क्रीमी लेयर' से आते हैं, वे ओबीसी आरक्षण एवं आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होंगे. उन्हें अपनी श्रेणी 'सामान्य' या सामान्य (ओएच/वीआई/एचआई) के रूप में दर्शाना चाहिए.

v. पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थी को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार एक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए. नियोक्ता से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार को संबंधित क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव है.

vi. पीडब्ल्यूडी (ओएच/वीआई/एचआई) के लिए आरक्षण पदों के लिए कुल रिक्तियों के भीतर समस्तरीय है.

vii. ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण चाहने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप पर इस आशय की घोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि वे 31.03.2019 को क्रीमी लेयर में नहीं आते है. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा 01.04.2019 से साक्षात्कार की अवधि तक जारी किए गए ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें 'नॉन क्रीमी लेयर' वाक्य हो.

viii. अजा/अजजा/ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण–पत्र जमा करना होगा.

ix. भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक मंत्रालय, लोक शिकायत एवं पेंशन, भारत सरकार के दिनांक 31.01.2019 के कार्यालय ज्ञापन सं.36039/1/2019–ईएसटीटी(आरईएस) द्वारा शासित होता है. अस्वीकरण। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की रिक्तियां अंतरिम हैं तथा भारत सरकार के आगे के निदेशों और किसी भी कानून के परिणाम के अधीन हैं. नियुक्ति अनंतिम है और उचित चैनलों के माध्यम से सत्यापित किए जाने वाले आय एवं आस्ति प्रमाणपत्र के अधीन है.

x. ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' के प्रस्तुतीकरण पर उठाया जा सकता है.

xi. अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए इंगित की गई है. ऊपरी आयु सीमा में छूट भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार उपलब्ध होगी. अजा/ अजजा/ अपिव/ पीडब्ल्यूडी/ दिव्यांग के लिए आयु छूट का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्रम | श्रेणी | आयु में छूट (वर्ष) |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति | 5 |
| 2 | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | 3 |
| 3 | शारीरिक रूप से अशक्त अभ्यर्थी (पीडब्ल्यूडी) | अजा/अजजा–15/अपिव–13/ सामान्य/ईडब्ल्यूएस 10 वर्ष |

## ग. जॉब प्रोफ़ाइल और प्रमुख उत्तरदायित्व के क्षेत्र:

### 1. प्रमुख (उत्पाद, निवेश और अनुसंधान):

**जॉब प्रोफाइल व केआरए:**

- वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय के लिए मूल्य प्रस्ताव तैयार करना.
- अनुसंधान दल व निवेश दल के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार.
- उचित कवरेज वाले ग्राहकों के लिए अनुसंधान रिपोर्ट की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करना.
- यह सुनिश्चित करना कि उत्पाद बेंचमार्किंग त्रैमासिक अंतराल पर की जाए.
- प्रतिस्पर्धा स्कैनिंग और बेंचमार्किंग के बाद नवप्रवर्तक और श्रेष्ठतर वेल्थ मैनेजमेंट उत्पादों का शुभारंभ करना.
- अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी चालित समाधान प्राप्त करने के लिए अन्य विभागों और बाहर की एजेंसियों के साथ निकट संपर्क रखना.

### 2. केंद्रीय अनुसंधान दल (निश्चित आय अनुसंधान विश्लेषक) :

**जॉब प्रोफाइल:**

- निश्चित आय अनुसंधान विश्लेषक द्वारा उत्पाद एंव अनुसंधान प्रमुख के साथ निकटतापूर्वक काम किया जाएगा, विभिन्न ग्राहकों द्वारा रखे गए पोर्टफोलियो की प्रदर्शन निगरानी की जाएगी, मार्केट डेटा एग्रीगेटर्स के साथ निकट संपर्क रखा जाएगा.

**केआरए:**

- म्यूचुअल निश्चित आय विश्लेषक उत्पाद एंव अनुसंधान प्रमुख के साथ निकटतापूर्वक काम किया जाएगा और निम्नलिखित गतिविधियों का संचालन किया जाएगा:
- आंतरिक और ग्राहक उपयोग के लिए निश्चित आय अनुसंधान/प्रकाशन बनाना.
- वर्तमान निश्चित आय बाजार की समझ पैदा करना और निश्चित आय बाजारों के संबंध में अग्रदर्शी दृष्टिकोण बनाना.
- अनुमोदित और अनुशंसित निश्चित आय प्रतिभूतियों की सूची बनाना
- बंधपत्र की कीमतों और व्यापार के लिए अन्य विभागों और बाजार खिलाड़ियों के साथ निकट संपर्क रखना.
- म्यूचुअल फंड और ग्राहक पोर्टफोलियो का निश्चित आय एनॉलिटिक्स
- मार्केट डेटा एग्रीगेटर्स और अनुसंधान रिपोर्ट प्रदाताओं के साथ निकट संपर्क रखना
- आईसी और आरएम दलों के साथ नियमित रूप से अंतरक्रिया करना
- कोई भी अन्य विषय, जैसा कि समय–समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं.

**3. रिलेशनशिप मैनेजर/4. रिलेशनशिप मैनेजर (ई-वेल्थ)/5. रिलेशनशिप मैनेजर (एनआरआई) :**

**जॉब प्रोफाइल:**
- व्यवसायिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए ग्राहकों के संपन्न और उच्च नेट वर्थ वाले खंड के भीतर संबंध अर्जित, पोषित, विकसित करना और मजबूत बनाना.
- इन ग्राहकों को उनकी वित्तीय योजना पूरा करने के लिए निवेश और बीमा उत्पादों की श्रृंखला बेचना और इस प्रकार वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय के राजस्व उद्देश्य प्राप्त करना.
- व्यवसायिक उद्देश्यों के अनुसार ग्राहकों का कुल संबंध मूल्य (टीआरवी) और प्रबंधनाधीन आस्तियाँ (एयूएम) बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना.

**केआरए:**
- **उच्च: नेट वर्थ वाले और संपन्न ग्राहकों को प्राप्त करना**
- **संबंध गहरा बनाना:**
  उच्च नेट वर्थ वाले और संपन्न ग्राहकों के रूप में परिभाषित शाखा के ग्राहकों का प्रबंधन करना
  इस पोर्टफोलियो का सीएएसए बढ़ाना
  बंधक, क्रेडिट कार्ड और ड्राइव चैनल माइग्रेशन बेचना
  एक ही परिवार से और अधिक ग्राहक प्राप्त करना और इन ग्राहकों की सेवा करना
- **वेल्थ मैनेजमेंट**
  पोर्टफोलियो में ग्राहकों के लिए वित्तीय आवश्यकता विश्लेषण और जोखिम की रूपरेखा तैयार करना. सभी ग्राहकों के लिए समय-समय पर पोर्टफोलियो समीक्षा करना.
  निवेश, जीवन बीमा, सामान्य बीमा और एसआईपी बेचना.
- **सुनिश्चित करना कि सभी ग्राहकों के पास अपने निवेशों का अनुमार्गण करने के लिए सीएएसए है.**
  अनुपालन एएमएफआई, आईआरडीए और एनआईएसएम प्रमाणन सुनिश्चित करना
  सुनिश्चित करना कि सभी ग्राहक निर्देश उसी दिन निष्पादित किए जाएं
  सभी लेनदेनों का 100% प्रलेखन सुनिश्चित करना.
- **शाखा विकास**
  वित्तीय जागरूकता फैलाने के लिए शाखा बीमा और निवेश संगोष्ठी आयोजित करना
  कोई अन्य विषय, जैसा कि समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं

**6. रिलेशनशिप मैनेजर (टीम लीड):**

**जॉब प्रोफाइल:**
- वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय के लिए रिलेशनशिप मैनेजरों की टीम का प्रबंधन करना.
- व्यवसायिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए ग्राहकों के संपन्न और उच्च नेट वर्थ वाले खंड के भीतर संबंध अर्जित, पोषित, विकसित करना और मजबूत बनाना.
- इन ग्राहकों को उनकी वित्तीय योजना पूरा करने के लिए निवेश और बीमा उत्पादों की श्रृंखला बेचना और इस प्रकार वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय के राजस्व उद्देश्य प्राप्त करना.
- व्यवसायिक उद्देश्यों के अनुसार ग्राहकों का कुल संबंध मूल्य (टीआरवी) और प्रबंधनाधीन आस्तियाँ (एयूएम) बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना.

**केआरए:**
- **उच्च: नेट वर्थ वाले और संपन्न ग्राहकों को प्राप्त करना**
  रिलेशनशिप मैनेजर्स की टीम का प्रबंधन करना और सुनिश्चित करना कि टीम अपने लक्ष्य प्राप्त करे
  रिलेशनशिप मैनेजरों की टीम द्वारा दिशानिर्देशों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करना
  टीम के उपयुक्त सदस्यों को लीड्स और ग्राहकों का आवंटन
- **संबंध गहरा बनाना:**
  उच्च नेट वर्थ वाले और संपन्न ग्राहकों के रूप में परिभाषित शाखा के ग्राहकों का प्रबंधन करना
  इस पोर्टफोलियो का सीएएसए बढ़ाना
  बंधक, क्रेडिट कार्ड और ड्राइव चैनल माइग्रेशन बेचना
  एक ही परिवार से और अधिक ग्राहक प्राप्त करना और इन ग्राहकों की सेवा करना
- **वेल्थ मैनेजमेंट**
  पोर्टफोलियो में ग्राहकों के लिए वित्तीय आवश्यकता विश्लेषण और जोखिम की रूपरेखा तैयार करना. सभी ग्राहकों के लिए समय-समय पर पोर्टफोलियो समीक्षा करना.
  निवेश, जीवन बीमा, सामान्य बीमा और एसआईपी बेचना.
- **सुनिश्चित करना कि सभी ग्राहकों के पास अपने निवेशों का अनुमार्गण करने के लिए सीएएसए है.**
  सुनिश्चित करना कि सभी ग्राहक निर्देश उसी दिन निष्पादित किए जाएं
  सभी लेनदेनों का 100% प्रलेखन सुनिश्चित करना.
- **शाखा विकास**
  वित्तीय जागरूकता फैलाने के लिए शाखा बीमा और निवेश संगोष्ठी आयोजित करना
  कोई अन्य विषय, जैसा कि समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं

**7. ग्राहक संबंध अधिकारी :**

**जॉब प्रोफाइल:**
- ग्राहक संबंध अधिकारी ग्राहकों से दस्तावेज एकत्र करने और सेवा अनुरोधों के लिए संबंधित विभाग को भेजने में रिलेशनशिप मैनेजरों को जमीनी सहायता प्रदान करने के लिए जिम्मेदार हैं जहाँ प्रलेखन या ग्राहक के साथ व्यक्तिगत बैठक की आवश्यकता होती है.

**केआरए:**
- वेल्थ ग्राहकों से/को दस्तावेज एकत्र और डिलीवर करने में रिलेशनशिप मैनेजरों की सहायता करना.
- ऑनबोर्डिंग प्रलेखन पूरा करने में सेवा प्रबंधकों की सहायता करना.
- बैंक के विभिन्न विभागों में दस्तावेज एकत्र और डिलीवर करने में रिलेशनशिप मैनेजरों/सेवा प्रबंधकों की सहायता करना.
- ग्राहकों के लिए घर पर बैंकिंग.
- कोई अन्य विषय, जैसा कि समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं.

**8. आंचलिक प्रमुख बिक्री (खुदरा) (ईस्टर्न झोन):**

**जॉब प्रोफाइल:**
- आवंटित अंचल में वेल्थ मैनेजमेंट बिक्री का प्रबंधन करना.
- व्यवसायिक उद्देश्यों के अनुसार ग्राहकों का कुल संबंध मूल्य (टीआरवी) और प्रबंधनाधीन आस्तियाँ (एयूएम) बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना.

**केआरए:**
- वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय के लिए आंचलिक बिक्री का प्रबंधन करना
- रिलेशनशिप मैनेजर टीम लीड्स और आरएम टीम द्वारा बजट की उपलब्धि सुनिश्चित करने वाले रिलेशनशिप मैनेजरों का प्रबंधन करना.
- उच्च नेट वर्थ वाले और संपन्न ग्राहकों को प्राप्त करना
- रिलेशनशिप मैनेजरों की टीम का प्रबंधन करना और सुनिश्चित करना कि टीम अपने लक्ष्य प्राप्त करे
- रिलेशनशिप मैनेजरों की टीम द्वारा दिशानिर्देशों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करना
- अनुपालन : सुनिश्चित करना कि सभी ग्राहक निर्देश उसी दिन निष्पादित किए जाएं और सभी लेनदेनों का 100% प्रलेखन सुनिश्चित करना.
- अंचल विकास : वित्तिय जागरूकता फैलाने के लिए अंचल निवेश संगोष्ठी व ग्राहक सम्मेलन और अभियान आयोजित करना
- ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करना
- कोई अन्य विषय, जैसा कि समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं

**9. केंद्रीय परिचालन दल की सहायता :**

**जॉब प्रोफाइल:**
- दैनिक परिचालन, एएमसी समन्वय, सीपीए जनरेशन और अपलोड, दिन का अंत गतिविधियों आदि का समय पर और प्रभावी समापन.

**केआरए:**
- दिन का अंत गतिविधियाँ.
- सीपीए जनरेशन और अपलोड करना.
- आरटीए/डीडब्ल्यूपी/क्रिसिल से फीड फाइलें लाना
- नवीन निवेशक दस्तावेज़ अपलोड करना.
- एएमसी समन्वय.
- आदेश मिलान
- पीएमएस डेटा अपलोड.
- केंद्रीय परिचालन टीम संचालन से संबंधित सभी समस्या निवारण/सुधार कार्य
- कोई अन्य विषय, जैसा कि समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं.

**10. जोखिम व अनुपालन अधिकारी :**

**जॉब प्रोफाइल:**
- जोखिम प्रबंधन दिशानिर्देश तैयार करना, लेनदेन की निगरानी करना और वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय के लिए सक्रिय रूप से जोखिमों की पहचान करना और उन्हें कम करना.
- विनियामकीय और आंतरिक अनुपालन दिशानिर्देशों के साथ वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय का अनुपालन सुनिश्चित करना.

**केआरए:**
- विनियामकीय दिशानिर्देशों (अनुपालन द्वारा जारी) के आधार पर जोखिम प्रबंधन अभ्यास नियमावली का विकास.
- बिक्री प्रमुख, अनुसंधान प्रमुख और सीजीएम (वेल्थ) द्वारा परिभाषित बिक्री और निवेश परामर्श/सलाहकारिता अभ्यास.
- विसंगतियों (पूर्व निर्धारित ट्रिगर) की पहचान करने के लिए लेनदेन की निगरानी करना
- प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म द्वारा प्रदान किए जाने वाले सभी जोखिम संबंधी अलर्ट के लिए अपवाद हैंडल करना
- केंद्र, ई-वेल्थ केंद्र और ग्राहकों को फोनकॉल के माध्यम से अक्रमिक जाँच करना
- सभी शाखाओं/केंद्रों के लिए निगरानी रिपोर्ट प्रकाशित करना
- कदाचार के चलते की जाने वाली ग्राहकों की शिकायतें कम से कम करना और रोकना
- विनियामकीय दिशानिर्देशों का उल्लंघन समाप्त करना
- आरएम, एसएम और आईसी द्वारा जोखिम प्रबंधन नियमावली का पालन सुनिश्चित करना
- सेबी, आरबीआई और अन्य नियामकीय निकायों के विभिन्न विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना.
- वेल्थ मैनेजमेंट और परामर्श/सलाहकारिता टीमों (बिक्री, सेवा और परिचालन) द्वारा पालन किए जाने वाले आंतरिक अनुपालन दिशानिर्देशों का निर्माण
- प्रमुख भौगोलिक क्षेत्रों (यूएसए, यूके, सिंगापुर, मध्य-पूर्व, ऑस्ट्रेलिया) में दिशानिर्देशों – आईआरडीए, एएमएफआई, आरबीआई, एनआरआई दिशानिर्देश पर अद्यतन जानकारी के लिए नियामकीय निकायों के साथ निकट संपर्क रखना
- भारत में और विश्व स्तर पर वेल्थ मैनेजमेंट प्रथाओं पर नियामकों द्वारा की गई टिप्पणियों का समाधान करना
- समय-समय पर विनियामकीय दिशानिर्देशों, अधिसूचनाओं और निर्देशों की आवश्यकताओं के संबंध में परामर्श/सलाहकारिता टीम सहित वेल्थ मैनेजमेंट द्वारा अनुपालन की निगरानी करना
- सेबी और अन्य नियामकीय निकायों को आवश्यक प्रकटीकरण प्रस्तुत करना
- कोई अन्य विषय, जैसा कि समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं

घ. **पारिश्रमिक: सभी पदों के लिए सीटीसी मोलभाव योग्य हैं.**

| पद क्रम | पद | वार्षिक परिलब्धियां (लगभग)* |
|---|---|---|
| 1 | प्रमुख (उत्पाद, निवेश एवं अनुसंधान ) | ₹80.00 लाख से ₹99.62 लाख |
| 2 | केन्द्रीय अनुसंधान दल (निश्चित आय अनुसंधान विश्लेषण) | ₹25.00 लाख से ₹45.00 लाख |
| 3 | रिलेशनशिप मैनेजर (आरएम) | ₹6.00 लाख से ₹15.00 लाख |
| 4 | रिलेशनशिप मैनेजर (ई-वेल्थ) | |
| 5 | रिलेशनशिप मैनेजर (एनआरआई) | |
| 6 | रिलेशनशिप मैनेजर (टीम लीड) | ₹10.00 लाख से ₹28.00 लाख |
| 7 | ग्राहक संबंध अधिकारी (सीआरई) | ₹2.00 लाख से ₹3.00 लाख |
| 8 | आंचलिक प्रमुख बिक्री (खुदरा) (ईस्टर्न झोन) | ₹25.00 लाख से ₹45.00 लाख |
| 9 | केंद्रीय परिचालन दल (सीओटी) सहायता | ₹10.00 लाख से ₹15.00 लाख |
| 10 | जोखिम व अनुपालन अधिकारी | ₹22.00 लाख से ₹27.00 लाख |

**अन्य अनुलाभ:** बैंक की नीति (वर्तमान में पीएलपी के लिए बैंडविड्थ 0 से 30% और वेतन वृद्धि के लिए 0% से 12% है जो परिवर्तनाधीन है) के अनुसार मापित प्रदर्शन रेटिंग के आधार पर प्रदर्शन से जुड़े वेतन और वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए पात्र.

***वार्षिक सीटीसी अनुभव और वर्तमान नियोजन में उम्मीदवारों की परिलब्धियों और तैनाती के स्थान पर निर्भर करेगा.**

ङ. **आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थियों का मान्य ईमेल आईडी हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशा-निर्देश:**

i. अभ्यर्थी एसबीआई की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे.

ii. अभ्यर्थी पहले तो अपने हाल के फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि अभ्यर्थी अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार ('दस्तावेज अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/ देती.

iii. अभ्यर्थी आवेदन को ध्यानपूर्वक पढ़ें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद तो अभ्यर्थी इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में अभ्यर्थी आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/ सकती है. जब जानकारी/ आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर दिखेगा. **अभ्यर्थी इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रख लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक करने के लिए ही होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब अभ्यर्थी को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.

iv. ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों का प्रिन्ट आउट ले लें.

**शुल्क के भुगतान के लिए दिशा-निर्देश:**

i. सामान्य/ ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क (अप्रतिदेय) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग व्यक्ति के अभ्यर्थियों के लिए सूचना शुल्क ₹125/- है (एक सौ पच्चीस रुपए मात्र).

ii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के साथ समेकित रूप से भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/ संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

iii. शुल्क का भुगतान उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा. भुगतान डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह अभ्यर्थियों को ही वहन करना होगा.

iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई-रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर अभ्यर्थी अपने पास रख ले.

v. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.

vi. शुल्क विवरणों सहित ई-रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.

vii. भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस **नहीं** लौटाया जाएगा, **न** ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.

च. **अपलोड साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:**
**साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/ सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

छ. **चयन प्रक्रिया:**

चयन शार्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा. न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का कोई अधिकार नहीं होगा. बैंक द्वारा गठित शार्टलिस्टिंग समिति शार्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शार्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाये जायेंगे. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाये जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.

**मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जायेगी. एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों की मेरिट में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में रेंक प्रदान की जायेगी.

ज. **प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:**

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. संक्षिप्त रेस्यूम (डीओसी या डीओसीएक्स या पीडीएफ)
ii. आईडी प्रमाण (पीडीएफ)
iii. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
iv. शैक्षणिक योग्यता: संगत अंक तालिका/ डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
v. अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
vi. फॉर्म-16 (पीडीएफ)
vii. हाल ही का फोटोग्राफ
viii. हस्ताक्षर

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की हाल में खिंची हुई रंगीन फोटो.
ii. फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी के बीच का और आयाम 200X230 पिक्सल (अधिमानतः) हो.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई भारी छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड-आई नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पैन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां आपके हस्ताक्षर का प्रयोग किया जाएगा.
iv. यदि परीक्षा के समय उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर कॉल लेटर के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा/जाएगी.
v. फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच का हो और आयाम 140X60 पिक्सल (अधिमानतः) हो.
vi. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vii. अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. जीवन वृत्त डीओसी या डीओसीएक्स प्रारूप में हो और बाकी के सभी प्रलेख आवश्यक रूप से पीडीएफ प्रारूप में ही हों.
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.

**प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार (जारी.....)**

iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

**य. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें.
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है
vi. जो अभ्यर्थी एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमशः 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट में से जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम कराया जा सकता है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय अभ्यर्थी को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**र. प्रलेख अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. हर प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए गए हैं.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जीपीजी या जेईपीजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्तातक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद अभ्यर्थी जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं. फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. फोटो से चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.

## झ. सामान्य जानकारी:

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्तवर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और कि उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है.

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है सहित, अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.

iii. भर्ती की किसी भी अवस्था में यदि ऐसा पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती है.

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

v. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि वह बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त हो. यह नियुक्ति बैंक में इस पद हेतु बैंक में कार्यभार संभालते समय जो भी सेवा और आचरण नियम लागू होंगे उनके अध्यधीन होगी.

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई–मेल को सक्रिय रखें.

vii. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

viii. जो अभ्यर्थी सरकार/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से लेकर अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

ix. चयन की दशा में, अभ्यर्थी से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

x. अभ्यर्थियों को उन्हीं के हित के लिए यह सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर हैवी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि अभ्यर्थी अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य. परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र–व्यवहार किया जाएगा.

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xiii. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का हकदार नहीं है. बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शार्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का अधिकार सुरक्षित है.

xiv. एकाधिक आवेदन के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा. एक ही पद के लिए अभ्यर्थी के अलग–अलग तरह से प्रस्तुत होने पर उसे तुरंत ही अस्वीकार कर दिया जाएगा/ उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा.

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाहियां मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व अनन्य अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvi. बाहरी उम्मीदवारों को, जिन्हें चयनित सूची के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है, को वास्तविक यात्रा के आधार पर भारत में सबसे लघुतर मार्ग से यात्रा की लागत या वास्तविक यात्रा की लागत (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय परिवहन व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी. उम्मीदवार के पद के लिए अयोग्य पाये जाने पर उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी और किसी प्रकार के किराये की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी.
**पद संख्या 1 के लिए : हवाई यात्रा किराया (इकोनॉमी क्लास)**
**पद संख्या 2 से 10 के लिए : वातानुकूलित – III टीयर (केवल मेल/एक्सप्रेस)**

xvii. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे.

यदि कोई पूछताछ करनी हो, तो “CONTACT US”→ “Post Your Query” इस लिंक पर हमें लिखें जो कि बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है.
(यूआरएल: **https://bank.sbi/careers/psq.htm?action=pquery** या **https://sbi.co.in/careers /psq.htm?action=pquery)**

स्थल: मुंबई । दिनांक: 23.05.2019

**प्रिटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा.**

**महाप्रबंधक (सीआरपीडी)**